PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Tue, 23 May 2017, Page 14
Width: 51.31 cms, Height: 19.30 cms, a3r, Ref: 42.2017-05-23.178

अल्पसंख्यकों के लिए नवोदय जैसे 100 स्कूल खुलेंगे

तैयारी

नई दिल्ली | एजेंसी

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा है कि अल्पसंख्यकों की अच्छी खासी जनसंख्या वाले क्षेत्रों में 100 नवोदय विद्यालय जैसे स्कूल खोले जाएंगे। साथ ही अल्पसंख्यकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के पांच शिक्षण संस्थानों की स्थापना की जाएगी, जो उम्मीद है कि साल 2018 से काम करना शुरू कर देगी।

नकवी ने कहा, मोदी सरकार ने बिना तुष्टीकरण के अल्पसंख्यकों के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण एवं विकास का बेहतरीन कार्य किया है। अल्पसंख्यक कार्यमंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यकों को बेहतर से बेहतर शिक्षा संस्थानों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना और उनका कौशल विकास मोदी सरकार की प्राथमिकता है। मंत्रालय अल्पसंख्यकों को बेहतर पारंपरिक एवं आधुनिक शिक्षा मुहैया कराने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के पांच शिक्षण संस्थानों की स्थापना कर रहा है।

उन्होंने कहा कि तकनीकी, मेडिकल, आयुर्वेद, यूनानी सहित विश्वस्तरीय कौशल विकास की शिक्षा देने वाले संस्थान देश भर में स्थापित किए जाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। मंत्री ने कहा, इस सन्दर्भ में 10 जनवरी 2017 को गठित एक उच्च स्तरीय कमेटी शिक्षण संस्थानों की रूपरेखा-स्थानों आदि के बारे में अपनी रिपोर्ट जल्द ही सौंपने वाली है। हमारी कोशिश है यह शिक्षण संस्थान 2018 से काम करना शुरू कर दें।

इन शिक्षण संस्थानों में 40 प्रतिशत आरक्षण लड़कियों के लिए किए जाने का प्रस्ताव है। अल्पसंख्यक कार्यमंत्री ने कहा कि 3टी- टीचर, टिफिन, टॉयलेट से पिछले तीन महीनों में ही हजारों स्थानीय अल्पसंख्यक स्कूलों एवं मदरसों को जोड़ा गया है। इन अल्पसंख्यक संस्थानों में गुरुद्वारों, जैन संस्थानों, बौद्ध संस्थानों, पारसी संस्थानों एवं मुस्लिम इदारों द्वारा चलाए जा रहे संस्थान भी शामिल हैं।

अल्पसंख्यक मंत्रालय का बढ़ता बजट (रुपयों में)

2017-18	4195 करोड़
2016-17	3800 करोड़
2015-16	3713 करोड़
2014-15	3711 करोड़
2013-14	3511 करोड़

केंद्र सरकार ने 1.82 करोड़ छात्रों को छात्रवृत्ति दी

4740 करोड़ रुपये की छात्रवृति 1.82 करोड़ छात्रों को पिछले तीन सालों में

2017-18 के बजट से 70% शैक्षिक सशक्तिकरण एवं रोजगारपरक योजनाओं पर।

5.2 लाख से ज्यादा युवाओं को इस अवधि में ट्रेनिंग एवं रोजगार मिले, 40% महिलाएं

अल्पसंख्यकों के लिए योजनाएं

- तहरीक-ए तालीम की शुरुआत पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जन्मदिन 15 अक्तूबर को देश के 100 जिलों में।
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मशताब्दी वर्ष पर देशभर के हुनर के उस्तादों के सम्मान में 'उस्ताद सम्मान समागम' शुरू होगी।